दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

•डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रकाशित•  •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 47 • मुंबई,शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निःशुल्क •

## नोएल टाटा बने टाटा ट्रस्ट्स के नए चेयरमैन

## रतन टाटा के सौतेले भाई हैं ट्रस्ट्स के नए अध्यक्ष



**नई दिल्ली ।** नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का नया अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। बुधवार को रतन टाटा के निधन के बाद मुंबई में शुक्रवार को हुई बैठक मेंरतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा को नया चेयरमैन बना दिया गया। सभी की सहमति से नोएल टाटा समूह के दो सबसे महत्वपूर्ण धर्मार्थ संस्थाओं सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के प्रमुख नियुक्त कर दिए गए हैं। इससे पहले वे इन संस्थाओं में ट्रस्टी के तौर पर शामिल थे।

टाटा ट्रस्ट को बनाने में रतन टाटा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अब उनके न रहने पर उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन नियुक्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस्स में टाटा ट्रस्ट की एक बड़ी हिस्सेदारी है। इसमें लगभग 66 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसी टाटा ट्रस्ट के अंतर्गत टाटा समूह संचालित किया जाता है।

जहां तक नोएल टाटा का सवाल है तो इन्होंने ससेक्स यूनिवर्सिटी, यूके और इनसीड में इंटरनेशनल एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (आईईपी) से पढ़ाई की थी। अब नोएल टाटा को सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के 11वें चेयरमैन और सर रतन टाटा ट्रस्ट के 6वें चेयरमैन के तौर जाना जाएगा। सभी की सहमति से उन्हें चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि बुधवार रात करीब 11 बजे रतन टाटा का मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। इसके बाद शुक्रवार को मुंबई में आयोजित बैठक में सौतेले भाई नोएल टाटा का टाटा ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त कर दिया गया।

## भारत विकास परिषद की तीन नई शाखाओं का गठन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारत विकास परिषद, राजस्थान दक्षिण प्रांत के उदयपुर शहर में तीन नई शाखाओं का गठन किया गया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि महिला शाखा पद्मिनी,युवा शाखा आदित्य एवं वात्सल्य शाखा का गठन नेशनल वाइस चेयरपर्सन डॉ जयराज आचार्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पानेरी के सानिध्य में किया गया द्य वर्ष 2015-16 समन्वयक राव नरपत सिंह आसोलिया द्वारा आठ शाखाओं का गठन किया गया था। शहर समन्वयक राकेश नंदावत के सहयोग से तीन नई शाखाओं के गठन से कुल ग्यारह शाखाएं हों गई हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रांत, केंद्र के पदाधिकारियों व प्रशांत का सहयोग, मार्गदर्शन व समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन - पीएम मोदी ने वैश्विक सुरक्षा पर की चर्चा

## भारत ने आसियान की एकता का सदैव समर्थन किया

### टाइफून यागी से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं




**वियनतियाने ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में जहां आइफून यागी प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं वहीं आसियान की एकता का भारत द्वारा सदैव समर्थन किए जाने की अहम बात कही है। पीएम मोदी ने विएनशेन, लाओ पीडीआर में अपना संबोधन देते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार भी साझा किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में सबसे पहले टाइफून यागी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सद्भाव के तहत मानवीय सहायता उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि भारत सदैव से ही आसियान की एकता एवं केंद्रीयता का समर्थन करता आया है। भारत का इंडो--पेसिफिक विजन और क्वाड सहयोग का केंद्रबिंदु आसियान ही है।

पीएम मोदी ने अपने भाषण में दक्षिणी चीन सागर की शांति, सुरक्षा और स्थिरता को अन्य सभी देशों के हित में बताते हुए कहा कि समुद्री गतिविधियां यूनाइटेड नेशन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सी के तहत ही संचालित होनी चाहिए। इसके साथ ही पीएम मोदी ने स्वतंत्रता के अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी कोड ऑफ कंडक्ट बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि ताकि क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर अंकुश नहीं लगाया जा सके। इस बीच पीएम मोदी ने म्यांमार की स्थिति पर आसियान दृष्टिकोण का समर्थन किया और कहा, कि म्यांमार को अलग करने की बजाय भारत उसके साथ बातचीत करने का पक्षधर है।

**वैश्विक संघर्ष का नकारात्मक प्रभाव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में वैश्विक संघर्षों का जिक्र किया और कहा कि वैश्विक संघर्ष का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर हो रहा है। ऐसे में सभी देशों को शांति और स्थिरता की बहाली की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध का युग समाप्त हुआ और समस्याओं का समाधान रणभूमि से नहीं निकलेगा। ऐसे में उन्होंने शांति और स्थिरता बहाली पर जोर दिया है।

**आतंकवाद गंभीर चुनौती**

पीएम मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बताया और कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाली शक्तियां एकजुट हों, ताकि इससे छुटकारा मिल सके। इस दौरान उन्होंने साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया और सफल शिखर सम्मेलन के लिए लाओ पीडीआर के प्रधानमंत्री सिपानदोन को बधाई दी और आगामी अध्यक्ष मलेशिया को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**म्यांमार पर हुई चर्चा**

ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में म्यांमार में लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध पर भी गंभीर चर्चा की गई। गौरतलब है कि फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना ने आंग सान सू की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता की डोर अपने हाथों में ले ली थी। इसके बाद हुई हिंसा और सैन्य कार्रवाई में करीब 6,000 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लाख से अधिक विस्थापित हो गए हैं। इससे म्यांमार में विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।

**जापान और न्यूजीलैंड से द्विपक्षीय बातचीत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाओस की राजधानी वियनतियाने में ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने से पहले वियनतियाने में बीती शाम जापान के प्रधानमंत्री इशिबा के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस बैठक के बाद ही पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, कि जापानी पीएम इशिबा से मिलकर उन्हें खुशी हुई। सेमीकंडक्टर बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ भी पीएम मोदी की द्विपक्षीय बातचीत हुई। इसी बीच पीएम मोदी ने क्रिस्टोफर लक्सन को भारत आने का न्यौता दिया। इस बैठक में व्यापार, निवेश, डिफेंस, डेयरी, स्पेस और पर्यटन जैसे मुद्दों पर गहन बातचीत हुई। बैठक उपरांत पीएम क्रिस्टोफर ने कहा कि वो भारत के फैन हैं।

**गाला डिनर में हुए शामिल**

पीएम मोदी बैठकों के बाद लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफानडोन के निमंत्रण पर गाला डिनर में शामिल हुए। भोजन के दौरान पीएम मोदी ने अनेक नेताओं से औपचारिक मुलाकात की।

**एक दशक की एक्ट ईस्ट पॉलिसी**

पीएम मोदी की सरकार वाली एक्ट ईस्ट पॉलिसी के इस साल 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। एक दशक पूर्ण होने के कारण पीएम मोदी का दौरा बेहद अहम हो गया है। बताते चलें कि एक्ट ईस्ट पॉलिसी' भारत की डिप्लोमेसी का बेहद अहम हिस्सा है, जिसका ध्येय दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाना है। पीएम मोदी ने इस अहम पॉलिसी की घोषणा 2014 में इंडिया आसियान समिट के दौरान की थी।

**आसियान यानी 10 देशों का समूह**

एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स अर्थात आसियान की स्थापना 1967 में बैंकॉक में की गई थी। यह दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का एक क्षेत्रीय समूह है। इसके 10 देश सदस्य हैं, जिनमें- इंडोनेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, म्यांमार, कंबोडिया, ब्रुनेई और लाओस शामिल हैं। भारत ने साल 2022 में आसियान देशों के साथ कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप (सीएसपी) हस्ताक्षरित किया था।

## उदयपुर जिले में थाना फलासिया पुलिस ने किया ब्लाईंड मर्डर का खुलासा

### बेटी ने प्रेमी को 1 लाख का लालच देकर कराई थी पिता की हत्या, चार अभियुक्त गिरफ्तार, नाबालिग डिटेन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के फलासिया थाना इलाके में आमलिया निवासी युवक के ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर चार आरोपियों करण पुत्र नाथू लाल व रामलाल निवासी खरडिया थाना झाडोल, पवन पुत्र भैरूलाल निवासी बांसवारी थाना झाडोल एवं शीला पुत्री दिनेश निवासी आमलिया को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 29 सितंबर को आमलिया गांव निवासी दिनेश पुत्र भूराजी गमार का शव घर के आंगन में चारपाई पर परिजनों को सन्दिग्ध अवस्था में मिला था। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान भी थे। मृतक के भाई गोपाल की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल व सीओ महावीर सिंह शेखावत के सुपरविजन तथा एसएचओ सीताराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

अनुसंधान में मृतक की पुत्री शीला कुमारी की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर गठित टीम द्वारा मनौवेज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो शीला ने अपने प्रेमी करण व उसके दोस्तो के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या करना स्वीकार किया। जिस पर हत्या कर फरार हुए आरोपी करण व रामलाल को राजकोट से, पवन को झाडोल थाना क्षेत्र से, बाल अपचारी को करेल थाना फलासिया से डिटेन किया गया। पूछताछ में सभी ने दिनेश की हत्या करना स्वीकार किया।



तरीका वारदात - मृतक दिनेश की पुत्री शीला ने अपने प्रेमी करण को कहा कि मेरे पापा मेरे साथ मारपीट, गाली गलौच व गलत हरकते करते है तथा मेरी मम्मी को भी बहुत मारते है। मेरे पिताजी दूसरी प|ी लेकर आया उसके बाद से बहुत ज्यादा परेशान करता है, इनको मारना पड़ेगा। तू यहा आकर मेरे पापा को जान से मार दे या किसी से मरवा दे हम तुमको 01 लाख रूपये देंगे। उसके बाद करण ने शीला के पापा को मारने का प्लान बनाया। इसके बाद 28 सितम्बर को रात के समय करण ने अपने दोस्त रामलाल, पवन व नाबालिग बालक के साथ मिलकर दिनेश पुत्र भूराजी निवासी आमलिया की हत्या कर दी।

## दुर्गाष्टमी पर तलवार एवं खड्ग के साथ गरबा रमी औदिच्य समाज की महिलाएं

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** लक्ष्मीनारायण युवा परिषद एवं परशुराम गरबा मण्डल उदयपुर की ओर पुरोहितों की मादड़ी स्थित दुदाजी के देवरा पर समस्त औदिच्य समाज के नो दिवसीय शारदीय नवरात्री आठवें दिन मातारानी की महाआरती धर्मेन्द्र गोन्दावत, द्रोपदी गोन्दावत, रूद्र गोन्दावत परिवार की ओर से की गई। लक्ष्मीनारायण युवा परिषद के संस्थापक हीरालाल गोकलावत, अध्यक्ष जमनाशंकर धुलावत, नारायण हीरावत, बंशीलाल पतावत व हेमंत बोरीवाला ने बताया कि शुक्रवार को नवमी पर रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें स्थानीय कलाकरों के साथ परिषद के युवा कलाकारों ने अपनी रंगारंग सांस्कृति प्रस्तुतियां दी। उसके बाद सभी कुर्सी रेस, चम्मच रेस सहित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया गया। वहीं परिषद के परम सरंक्षक प्रेमशंकर गोन्दावत की ओर से खीर का महाप्रसाद वितरण किया गया। गरबा कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया है। डांडिया रास हेतु महिलाएं, बालक-बालिकाएं व युवक युवतियों ने शिरकत कर देर रात्रि तक माता के गरबो की धुन पर गरबा खेला जा रहा है।

परिषद के हितेश व्यास व भोपाजी गणेशलाल औदिच्य ईडाणा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम संरक्षक प्रेमशंकर गोन्दावत, शांतिलाल हीरावत, शिवलाल औदिच्य ईडाणा थे। कोषाध्यक्ष मांगीलाल पतावत, जमनेश डूंगावत व विजय डूंगावत ने बताया कि पाण्डाल को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। वहीं औदिच्य समाज की महिलाएं एवं पुरूष ने एक साथ हाथों में तलवार एवं सिर पर मेवाड़ी मोठड़ा पहनकर गरबा किया। शनिवार को मूति विसर्जन का आयोजन किया जाएगा उससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन किया जाएगा उसके बाद डीजे की मधुर धुन के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## बेटों ने निभाया अपना फर्ज,पिता की मौत के बाद देहदान कर अन्तिम इच्छा की पूरी



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में बेटों ने पिता की अन्तिम इच्छा को पूरा करते हुए उनके निधन के बाद उसकी बॉडी को मेडिकल के छात्रों की प[?]ाई के लिए दान देने का फैसला किया। पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस.परिहार ने बताया कि 85 वर्षीय पुरूश सौभाग्य सिंह मांडावत का 10 अक्टूबर को निवास स्थान पर देहांत हो गया था। पिता की मौत के बाद उनकी अन्तिम इच्छा के अनुसार उनके पुत्रों ने उनकी देहदान का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होने पीएमसीएच के एनाटोमी विभाग में चिकित्सा स्वास्थ्य के अध्ययन एवं अनुसंधान हेतु में 11 अक्टूबर को महादान दिया।

उदयपुर निवासी सौभाग्य सिंह मांडावत के बेटों ने बताया कि उनके पिता की अन्तिम इच्छा थी कि मरने के बाद उनकी बाडी मेडिकल कॉलेज को दान कर दी जाए तो बेटे ने अपनी पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए पीएमसीएच हॉस्पिटल प्रबन्धन से बात की। मांडावत का पूरा परिवार जिसमे उनकी प| स्नेहलता मांडावत एवं पुत्रों टीनू मांडावत,मीनू मांडावत एवं पंकज माडावत देहदान करने कें लिए पेसिफिक मेडिकल कॉलेज भीलों का बेदला पहुंचे यहां अस्पताल प्रशासन ने सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए देहदान कराया।

पुनीत कार्य के इस अवसर पर हॉस्पिटल प्रबन्धन की ओर से एनाटॉमी की विभागाघ्यक्ष डॉ. हिना शर्मा,नोडल ऑफिसर ईशा श्रीवास्तव एवं समस्त सदस्य मौजूद थे।

पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने सौभाग्य सिंह मांडावत के परिजनो को ढाढस बघातें हुए कहा कि यह नेक कार्य निश्चित ही आम लोगो के लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय रहेगा।

## शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया




**जयपुर ।** पूर्व पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चोरी/नकबजनी और वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व थानाधिकारी सुरेश यादव द्वारा किया गया, जिसमें पुलिस थाना खोह नागोरियान के शिवचरण, अशोक कुमार, हरेन्द्र, धीरज, और बजरंग शामिल थे।

घटना के विवरण अनुसार, इलाके में गश्त और कैमरा फुटेज की मदद से शातिर वाहन चोर वसीम (27) और सोयब (25), दोनों निवासी लक्ष्मी भट्टा, कानोता, जयपुर पूर्व को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल 'छ्व-14••-3035 और दो अन्य मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस अब उनसे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

तरीका-ए-वारदात»

दोनों आरोपी मोटरसाइकिल चालकों पर नजर रखते थे और उनके व्यस्त होने पर वाहनों के लॉंक तोड़कर उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी की मोटरसाइकिलों को सस्ते दामों पर बेचकर अपना शौक पूरा करते थे।

## आरएनटी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब की जर्सी का विमोचन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** पंचम कोरोना वारियर्स नर्सेज एवं पेरामेडिकल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से 17 अक्टूबर जयपुर में आयोजित की जाएगी। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि पिछले दो वर्षों से चेम्पियन टीम आरएनटी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब उदयपुर की जर्सी व ट्रैक सुट का विमोचन होटल खुमानी व होटल चुण्डा पैलेस में स्पोंसर प्रायोजक हुकम विरम देव सिंह व यदुवीर सिंह कृष्णावत, सह प्रायोजक गुलाम नबी कप्तान एवं लिमरा कोल, भूपेंद्र धाभाई पन्नाधाय सिक्योरिटीज, नरपतसिंह खुमानी होटल हिल्स एंड डे, लोकेश पालीवाल मां सरस्वती हास्पिटल, हनुवंत सिंह राठौड़ सेलस मेडिकेयर आदि भामाशाहो की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में टीम मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ,ज़िला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, टीबी हॉस्पिटल नर्सिंग अधीक्षक भगवान सिंह गहलोत ,आरएनए ज़िलाध्यक्ष पवन दानाध्यक्ष एव प्रवीण चरपोटा, आरएनयू ज़िलाध्यक्ष हितेश लबाना ,हैड कोच जितेंद्र भटनागर,कोच सचिन वैष्णव ,फिजियो भोमसिंह ,टीम मैनेजर हेमंत आमेटा की उपस्थित थे। टीम कप्तान गुलाम नबी व उप कप्तान प्रशांत सोनी ने बताया कि टीम प्लेयर गौरव सिंह राठौड़,हंसराज मीणा,दिलीप कुमार यादव,पुखराज खटीक,हबीब नबी ख़ान,मनीष जीनगर,मुकेश वेद,गोविंद यादव,गौरव पण्ड्या,अरविंद बैरागी,पीयूष शर्मा,सावरेश कारपेंटर,मुकेश रेगर ,मनीष शर्मा सहित पूरी टीम आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्राधानाचार्य डॉ विपिन माथुर ,एमबी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ आरएल सुमन ,नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारी, ओमप्रकाश पालीवाल व हसीना आहरी आदि ने टीम को आशीर्वाद एव शुभकामनाएँ दी। टीम जोश से लबरेज़ है व अपने ख़िताब का बचाव करने और वापस वही जीत की हैट्रिक लगाकर पुराना इतिहास दोहराने रविवार को जयपुर के लिए कूच करेगी।

# जालौर जिले में थाना बिशनगढ़ पुलिस की कार्रवाई

## बालवाड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति एवं दी-सेन्ट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक शाखा सायला में गबन का मामला

### करीब 05 करोड़ के गबन के मामले में तत्कालीन व्यवस्थापक एवं सह व्यवस्थापक गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**जयपुर/जालौर ।** जालौर जिले की बिशनगढ़ थाना पुलिस की टीम द्वारा बालवाडा ग्राम सेवा सहकारी समिति एवं इससे सम्बंधित बैंक दी-जालौर सेन्ट्रल कॉ-आपरेटिव बैंक शाखा सायला में करोड़ों रूपयों के गबन के मामले में बालवाडा ग्राम सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन व्यवस्थापक एवं दी जालौर सेन्ट्रल कॉ-आपरेटिव बैंक शाखा सायला के ऋण पर्यवेक्षक आशाराम मेघवाल पुत्र किस्तूरा राम (49) निवासी आसाणा थाना सायला एवं बालवाडा ग्राम सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन सहायक व्यवस्थापक चम्पा लाल जीनगर पुत्र गवरा राम (37) निवासी बलवाड़ा थाना बिशनगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि 02 अक्टूबर 2022 को दी जालौर सेण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जालौर के वरिष्ठ प्रबन्धक भूराराम पुंछल ने रिपोर्ट दी कि ग्राम सेवा सहकारी समिति के अधीन आने वाले किसानों को फसल चक्र अनुसार ऋण साख-सीमा का निर्धारण कर साख-सीमा समिति स्तर से स्वीकृति कर हल्का अधिकारी के माध्यम से बैंक की सम्बन्धित शाखा से ऋण स्वीकृत किया जाता है। इसी तरह बालवाड़ा, केशवना, ऐलाना, बिशनगढ, मांडवला की ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा भी किसानो की साख सीमा निर्धारण कर ऋण स्वीकृत किया जाता था।

इसमें से बालवाड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक, सहायक व्यवस्थापक तथा इन सोसायटियों से सम्बंधित बैंक दी-जालौर सेन्ट्रल कॉ-आपरेटिव सोसायटी के शाखा प्रबंधक, कैशियर आदि द्वारा बिना साख सीमा निर्धारण किये, तथा भूमि को कम या अधिक करके, लोन भरने के बाद भी बिना किसान की जानकारी के लोन रिपीट कर, बिना आवेदन ही लोन स्वीकृती दे करोड़ों रूपयो के गबन किया है।

उसके बाद राज्य सरकार की ऋण माफी योजना राजस्थान सहकारी फसली ऋण माफी योजना- 2018 एवं राजस्थान कृषक ऋण माफी योजना- 2019 के तहत अपात्र व्यक्तियों को ऋण माफ कर राज्य सरकार को करोड़ों रूपयों की वित्तीय हानि पहुँचाई है। रिपोर्ट पर थाना बिशनगढ पर प्रकरण संख्या दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

एसपी यादव ने बताया कि जिले में अपराध की रोकथाम, सम्पति सम्बंधी अपराधों में अपराधियों की धरपकड़ एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटा राम गोदारा व सीओ गौतमकुमार जैन के सुपरविजन एवं एसएचओ पन्ना लाल उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अनुसंधान उपरांत ग्राम सेवा बालवाड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति के तत्कालिन व्यवस्थापक एवं दी जालौर सेन्ट्रल कॉ-आपरेटिव बैंक शाखा सायला के ऋण पर्यवेक्षक आशा राम मेघवाल एवं बालवाडा ग्राम सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन सहायक व्यवस्थापक चम्पालाल जीनगर द्वारा उसके सहयोगियो के साथ मिलकर करीबन 5 करोड़ ररुपये का गबन करना पाया जाने से इन दोनों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

इनमें से आरोपी आशा राम मेघवाल के विरूद्ध थाना सायला एवं थाना कोतवाली जालौर में भी गबन के 02 अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्व है। प्रकरण में अन्य कथित आरोपियों की भूमिका के सम्बंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

# आचार्य भगवंत जैन संघ के राजा होते है - आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

### नवपद ओली के तीसरे दिन हुए विविध आयोजन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चातुर्मास काल के दौरान महाभारत पर प्रतिदिन प्रवचन दिए जा रहे है।

महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि शुक्रवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। वहीं नो दिवसीय नवपद की आयंबिल ओली सामूहिक आयोजन हो रहा है। आयड़ तीर्थ में 90 तपस्वी नवपद की आयंबिल ओली का सामूहिक तप कर रहे है। शनिवार 12 अक्टूबर को गुरुदेव भव्यवर्धन विजय महाराज की 20वीं स्वर्गतिथि पर आयड़ तीर्थ में सुबह 9.30 बजे गुणानुवाद सभा का आयोजन होगा।

नाहर ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने श्री नवपद की आराधना के तीसरे दिन कहा कि मानो कि जैन शासन एक फाउण्डेशन है तो अरिहंत भगवंत उनके फाउण्डर पर्सन है। साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविकाएं इनके मेम्बर्स ओथोरिटी है। आचार्य ने कहां कि जिन शासन की अलौकिकता यह है कि इनके सिद्धांत में कभी भी परितर्वन नहीं हो सकता, सिद्धांतों में परितर्वतन की सत्ता यहां आचार्यों को भी नहीं दी गई है। जिन शासन और जैन शास्त्र समानार्थ शब्द है। जबकि जैन संघ का अर्थ अंतर्गत है। जैन शास्त्र की माने तो वह है जैन संघ जैन संघ के राजा आर्चाय है जैसे जैन शासन के राजा अरिहंत भगवंत है। नवपद ओली के लाभार्थी मनोहलाल, कंचनदेवी, नरेन्द्र कुमार, स्नेहलता, गौरव, मीनल, क्यारा, महेन्द्र अमिता सिंघवी परिवार एवं निर्मला देवी, डॉ. हेमंत- दिव्या, डॉ. शरद-डॉ सीमा, राज, फ्रेया, हरित कोठारी परिवार थे।चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्टू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

# प्रदेशवासियों को देवनानी की दशहरा पर्व पर शुभकामनाएं बुराइयों से मुक्त होने का संकल्प लें - देवनानी

### बुराइयों पर विजय पाना ही है विजयदशमी

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को विजय दशमी पर्व दशहरा की बधाई एवं शुभकानाएं दी है। देवनानी ने कहा कि विजय दशमी पर्व को मनाने की सार्थकता के लिए हमें अपने भीतर के क्रोध, अंहकार, लालच, ईर्ष्या, आलस्य, हिंसा जैसी बुराइयों पर विजय प्राप्त करने के लिए निरन्तर अभ्यास किये जाने की आवश्यकता है। देवनानी ने कहा है कि विजय दशमी मानवता की विजय यात्रा का पर्व है। सत्यनिष्ठ मनुष्य किस प्रकार अत्यल्प साधनों द्वारा भी कठिन कार्य करता हुआ महान लक्ष्य को प्राप्त करता है, विजय दशमी इसका उदाहरण है। उन्होंने लोगों का आव्हान किया है कि विजय दशमी मनाते हुए अनुष्ठान और सदाचार से जीवन को एक नये मार्ग की ओर ले जायें।

# दीपावली पूर्व डिस्कॉम की लेखा विंग को पदोन्नति का तोहफा 24 अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नति

**अजमेर ।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दीपावली पूर्व नवरात्र के पावन दिनों में लेखा विंग के 24 अधिकारियो एवं कर्मचारियों के विभिन्न पदों पर डीपीसी कर उन्हें पदोन्नति का तोहफा दिया गया। पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ साथ सभी कर्मचारी संगठनों ने प्रबंध निदेशक के.पी.वर्मा, निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी तथा मुख्य लेखा नियंत्रक एम.के.गोयल का आभार जताया है। निगम के प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम की लेखा विंग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत कर अजमेर डिस्कॉम का नाम देश के शीर्ष डिस्कॉम में शामिल कराया है। इसलिए हमने दीपावली पूर्व लेखा विंग के कार्मिको को पदोन्नति का तोहफा दिया है। इस दौरान 24 कार्मिकों को पदोन्नत किया गया है। उन्होंने बताया कि डीपीसी प्रशासनिक गतिविधि है और उसी के तहत यह आदेश जारी किए गए हैं। डिपार्मेंटल प्रमोशन कमेटी की विस्तृत जानकारी देते हुए सचिव प्रशासन सीमा शर्मा ने बताया कि डिपार्मेंटल प्रमोशन कमेटी की अनुशंसा के आधार पर नॉन टीएसपी क्षेत्र के 11 जूनियर अकाउंटेंट को सहायक लेखा अधिकारी द्वितीय , 8 सहायक लेखाधिकारी द्वितीय को सहायक लेखाधिकारी प्रथम , टीएसपी क्षेत्र के एक सहायक लेखाधिकारी द्वितीय को सहायक लेखाधिकारी प्रथम, 3 सहायक लेखाधिकारी प्रथम को लेखाधिकारी तथा 1 लेखाधिकारी को वरिष्ठ लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की भीलवाड़ा जिले में कार्रवाई - 3 क्विंटल 92 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त

पदमावत मीडिया

**जयपर ।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने भीलवाड़ा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से गांव गुरलां के पास नाकाबंदी में गुरुवार-शुक्रवार की रात तस्करों से मुठभेड़ के बाद एक स्कार्पियो गाड़ी से 3 क्विंटल 92 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस पर फायरिंग कर फरार हुए बदमाशों की तलाश के लिए रात से ही प्रयास किये जा रहे हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध श्री दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर, मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करों व वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं उनके बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए एजीटीएफ की टीम पारंपरिक एवं नवीन तकनीकी पुलिसिंग के आधार पर लगातार प्रयास कर रही है।

एडीजी एमएन ने बताया कि इसी क्रम में उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम में भीलवाड़ा जिले से अटैच सदस्यों कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई को सूचना मिली कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में तस्कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं।

सूचना को एजीटीएफ टीम द्वारा विकसित किया गया तो जानकारी हासिल हुई तस्कर मादक पदार्थ से लोड स्कॉर्पियो लेकर थाना कारोई इलाके के गाडरमाला होते हुए गुरलां के रास्ते से जाएंगे। सूचना पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से उक्त रास्ते के घुमावदार मोड़ पर नाकाबंदी की गई। रात करीब 11» 45 बजे गुजरात पासिंग स्कॉर्पियो गाड़ी आती हुई दिखाई दी, जिसमें दो व्यक्ति बैठे हुए थे।

पुलिस टीम को देख स्कॉर्पियो के चालक ने अचानक गाड़ी की स्पीड तेज कर दी। गाड़ी की स्पीड तेज देख पुलिस ने रोड़ पर स्टॉप स्टिक बिछा चालक को रोकने का इशारा किया। इतने में स्कार्पियो चालक ने पुलिस टीम के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और नाकाबंदी तोड़ गाड़ी भागने लगा। स्टॉप स्टिक की वजह से स्कॉर्पियो का अगला दाहिना टायर ब्रस्ट हो गया।

दोनों टीमो ने जब गाड़ी की घेराबंदी करना चाहा तो स्कॉर्पियो की खलासी साइड से एक व्यक्ति नीचे उतरा। जिसने उतरते ही फायर आर्म्स से पुलिस टीम पर फायरिंग चालू कर दी। जवाबी कार्रवाई में थाना पुलिस द्वारा साथ लाये गए पंप एक्शन गन से दो राउंड फायर किये। पुलिस को जवाबी कार्रवाई करता देख दोनों बदमाश वापस गाड़ी में बैठ गए और गाड़ी भगाने लगे।

टीम ने पीछा किया तो गांव सोपुरा के पास बदमाश स्कॉर्पियो को चालू हालत में छोड़कर खेतों की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने रात के अंधेरे में बदमाशों की काफी तलाश की, लेकिन अंधेरा और खेतों का फायदा लेकर दोनों बदमाश फरार




हो गए। गाड़ी की तलाशी ली गई तो ड्राइवर व खलासी की सीट के पीछे की तरफ प्लास्टिक के कुल 22 काले व सफेद कट्टे रखे हुए थे। सभी कट्टों में कुल 392 किलो 51 ग्राम अवैध डोडा चूरा मिला। अवैध मादक पदार्थ पर डोडा चूरा व स्कार्पियो जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। फरार दोनों बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस की टीम रात से ही लगातार प्रयास कर रही है।

इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम के कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की इस कार्रवाई में विशेष भूमिका तथा एएसआई बनवारी लाल, हैड कांस्टेबल रामनिवास, हेमंत शर्मा राकेश जाखड़, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, गंगाराम, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल चालक दिनेश कुमार तथा कारोई थाना अधिकारी लक्ष्मीनारायण मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# अभियान महिला गरिमा के तहत आमजन और महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और छींटाकशी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर द्वारा जन जागरूकता अभियान %ऑपरेशन गरिमा% चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अभियान को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच के निर्देशन में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए %निर्भया स्क्वॉड% द्वारा विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाई जा रही है, जैसे कि पोस्टर और फ्लैक्स बैनर।

अभियान की गतिविधियाँ

निर्भया स्क्वॉड ने स्कूल, कॉलेज, कॉलोनी, बस स्टैंड, और पब्लिक ट्रांसपोर्ट संसाधनों जैसे सिटी बस, मिनी बस, ऑटो रिक्शा, और ई-रिक्शा में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान के तहत झोटवाडा क्षेत्र में निवारू रोड, मदीना कॉलोनी, कांटा चौराहा, रिम डिफेंस एकेडमी, मदरास क्लासेज, लाल मंदिर खातीपुरा और झोटवाडा सर्कल पर पैदल मार्च भी आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से लगभग 6,258 महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा और कानूनों की जानकारी दी गई।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण और हेल्पलाइन नंबर




पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम के नेतृत्व में निर्भया स्क्वॉड की मास्टर ट्रेनर ने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में 10,534 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की। तेजस्वनी गौतम ने महिलाओं और बालिकाओं को सलाह दी कि वे अपने मोबाइल में निर्भया हेल्पलाइन के 5 नंबर (8764866090, 8764866091, 8764866092, 8764866093, 87648 66094) को %निर्भया 1, 2, 3, 4, 5% के नाम से सेव करें। किसी भी समस्या पर इन नंबरों पर लिखित, मौखिक, ऑडियो या वीडियो संदेश भेजा जा सकता है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे उपलब्ध है।

# शिव बाल निकेतन विद्यालय में आयोजित किया कन्या पूजन एवं डांडिया महोत्सव

पदमावत मीडिया



**भीनमाल ।** स्थानीय शिव बाल निकेतन विद्यालय में कन्या पूजन एवं डांडिया महोत्सव दुर्गाष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष में नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक गरबा नृत्य का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की नन्ही बालिकाओं एवं दो भैरव रूप बालकों का कन्या एवं भैरव पूजन विद्यालय प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि अमन अग्रवाल एवं नारायणलाल बंजारा नव्या किड्स स्कूल के प्रबंधक ओमसिंह, विवेक जीनगर, महेंद्र बंजारा, सुरेशकुमार माली, एसबीएन स्कूल के उपप्रधानाचार्य भानुमती शर्मा, आजाद भाटी ने बालिकाओं का पूजन कर आरती कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस पश्चात अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर दुर्गाष्टमी के पावन पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए । विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा डांडिया नृत्य विभिन्न वेषभूषा के साथ गरबा नृत्य का आनंद लिया । इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावकों, माताओं-बहनों ने भी गरबा नृत्य सामुहिक रूप से ग्रुप बनाकर खेला । अंत में सभी छात्र-छात्राओं को फल एवं मिष्ठान प्रसाद वितरण कर प्रधानाचार्य जे आर भाटी ने सबका आभार व्यक्त किया ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकगण, कर्मचारी आनंद भाटी, खुशबू सोलंकी, करणसिंह राव, शिवानी जीनगर, डिम्पल राव, ज्योत्सना सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# जयपुर पश्चिम पुलिस की बड़ी कार्रवाई- होटल से सोने की चेन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** पश्चिम पुलिस थाना सदर की टीम ने होटल वैष्णवी से सोने की चेन चोरी करने के मामले में आरोपी आफताब खान को गिरफ्तार कर लिया है।

परिवादी कौशिक राय ने 06 अक्टूबर 2024 को होटल में ठहरने के दौरान अपनी मां की सोने की चेन गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। सोने की चेन की कीमत 1,23,257 रुपये थी। पुलिस ने जांच के दौरान होटल स्टाफ और यात्रियों से पूछताछ की, जिससे होटल के रूम बॉय आफताब खान पर शक गहराया।

आफताब खान ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल किया, जिसमें उसने चेन चोरी कर नई मोबाइल खरीदने की योजना बनाई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई सोने की चेन बरामद कर ली।

थानाधिकारी बलबीर सिंह कस्वां की अगुवाई में श्री बाबूलाल और ताराचंद की विशेष भूमिका रही।

# कार्यशाला में महासीर संरक्षण व ईको टूरिज्म पर हुई चर्चा जलाशय की शुद्धता का प्रतीक है महासीर

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पर्यावरण संरक्षण एवं इको टूरिज्म के क्षेत्र में कार्यरत ग्रीन पीपल सोसायटी के तत्वावधान में शुक्रवार को वन भवन सभागार में महासीर इको एण्ड एंगलिंग टूरिज्म विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता गोल्डन महासीर ब्रीडिंग सेंटर नामेरी के निदेशक एवं विशेषज्ञ प्रो. अतुल बोरगोहेन ने कहा कि जलाशय की शुद्धता एवं संरक्षण में महासीर मछली का अहम योगदान है। उन्होंने महासीर मछली के संरक्षण से इको टूरिज्म को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी और एंगलिंग अर्थात कांटा डालकर मछली पकड़ने की तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने आमजन और पर्यटकों को महासीर मछली के बारे में अधिकाधिक जानकारी देने की बात कही। कार्यशाला में महासीर मछली के अपस्ट्रीम प्रवाह क्षेत्र, खाद्य श्रृंखला, प्रजनन, झील में होने वाले प्रदूषण को रोकने में महासीर की भूमिका आदि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने झीलों के शहर में महासीर के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भटनागर ने बताया कि महासीर को 'टाईगर फिश' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक शिकारी मछली है जो जलाशय की शुद्धता का प्रतीक है। यह केवल उन्हीं जल क्षेत्र में पाई जाती है, जो प्रदूषण रहित एवं शुद्ध हो। जिस प्रकार टाईगर की उपस्थिति अच्छे जंगल की गुणवत्ता का सूचक है, उसी तरह महासीर की उपस्थिति शुद्ध जलाशय का।प्रतीक होती है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ब[illegible] झील के आसपास के क्षेत्र को महासीर मछली के संरक्षण के लिए कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किया गया है। मत्स्य विभाग के सेवानिवृत अधिकारी व समिति सदस्य इस्माइल अली दुर्गा कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जलाशय संरक्षण में महासीर की भूमिका बताई। मुख्य वक्ता डॉ अतुल के साथ उनकी धर्मप[illegible] डॉ रुपाली बरुआ भी मौजूद थी। इस अवसर पर प्रताप सिंह चुंडावत, सोहेल मजबूर, यासीन पठान, गणेश लाल गोठवाल, डॉ. तेजराज दान, प्रोफेसर अनिल मेहता, नंदकिशोर, डॉ. ललित जोशी, विनय दवे आदि मौजूद रहे।

# सांसद डॉ रावत का उदयपुर पंहुचने पर स्वागत

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत केउदयपुर पंहुचने पर सेंट्रल गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसियेशन की ओर से डबोक एयरपोर्ट पर उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव आनन्द सिंह परिहार , संगठन सचिव डी एस व्यास एवं एल एल सिंघवी, सहायक महासचिव शंभु सिंह एवं विनोद उपाध्याय ,कार्यकारिणी सदस्य आदेश कुमार जोशी, आर एल जैन, केजी शाकद्वीपी, एम एमहासचिव आनन्द सिंह परिहार , संगठन सचिव डी एस व्यास एवं एल एल सिंघवी, सहायक महासचिव शंभु सिंह एवं विनोद उपाध्याय ,कार्यकारिणी सदस्य आदेश कुमार जोशी, आर एल जैन, के जी शाकद्वीपी, एम एम पालीवाल एवं जयन्त पुर्बिया उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि उदयपुर में केंद्र सरकार के सेवारत व सेवानिवृत्त कार्मिकों के उपचार के लिए वेलनेस सेंटर ( डिस्पेंसरी) की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सांसद डॉ रावत के प्रयासों से केंद्र सरकार ने पिछले दिनों उदयपुर में उक्त वेलनेस सेंटर स्वीकृत किया था। लेकिन, इसे शुरू करने की औपचारिकताओं में कुछ तकनीकी बाधाएं आ रही थी। सांसद डॉ रावत ने पिछले दो दिनों के दिल्ली प्रवास के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय में संपर्क कर उन अड़चनों को दूर करने का प्रयास किया था, जिससे कि यहां वेलनेस सेंटर शीघ्र खुल सकेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है|